खबर संक्षेप

## रोटरी क्लब कर रहा है मानवता की सेवाः मुकेश

**रादौर ।** अंतराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब के तत्वावधान में बुधवार को एक कार्यक्रम सरकारी स्कूल अलाहर में किया गया। कार्यक्रम में एश्योर्ड मेरिटाइम जोब कंस्लटेशन के एमडी कैप्टन मनीष चौधरी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम स्कूल प्रिंसिपल मुकेश रोहिल की देखरेख में आयोजित करवाया गया। रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा स्कूल के बच्चों के लिए एक कम्प्यूटर भेंट किया गया। प्रिंसिपल मुकेश रोहिल ने कहा कि रोटरी क्लब समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब दुनियाभर में मानवता की भरपूर सेवा कर रही है।

## शादी का झांसा दे किया किशोरी को अगवा

**यमुनानगर ।** जिले के कस्बा छछरौली से एक युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया। छछरौली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 दिसंबर को सुबह आठ बजे उसकी 14 वर्षीय लड़की किसी काम से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि बबलू नामक युवक उसकी लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### ओपन एयर थिएटर में खुले आसमान के नीचे मंच व उसके सामने 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी

# ट्विन सिटी को नए वर्ष 2026 में नगर निगम देगा करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की सौगातः बहमनी

मेयर सुमन बहमनी के मुताबिक रिवर वाटर फ्रंट, हमीदा पार्क, नगर निगम कार्यालय के नए भवन समेत करोड़ों के कई प्रोजेक्ट का होगा निर्माण





यमुनानगर में निर्माणाधीन ओपन एटर थिएटर एवं आडिटोरियम के कार्य का निर्माण करते हुए कारीगर व रिवर वाटर फ्रंट का दिखाई देता हुआ डिजाइन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नया वर्ष 2026 ट्विन सिटी के लोगों के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की सौगात लेकर आ रहा है। नए वर्ष में नगर निगम द्वारा ट्विन सिटी के लोगों को रिवर वाटर फ्रंट, ओपन थियेटर, हमीदा पार्क व निगम कार्यालय के नए भवन के अलावा कई अन्य करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। जिससे टिवन सिटी समेत जिले लाखों लोगों को लाभ मिल सकेगा।

**ओपन एयर आडिटोरियम की मिलेगी सौगातः** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा नए वर्ष 2026 में दिव्य नगर योजना के तहत जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 में गुरु अर्जुन नगर के पास शहर के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक ओपन एयर थिएटर एवं ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा है। इस पर कुल 52.87 करोड़ खर्च का अनुमान है। इसमें नगर निगम व प्रदेश सरकार को 50-50 फीसदी खर्च वहन करना है। इसकी नींव, फर्श,पिलर व भवन की छत तैयार हो चुके हैं। यहां पार्किंग, मंच, कमरे, छत व बैठने की व्यवस्था करने जैसे काम बाकी हैं। शहर में ओपन एयर थिएटर एवं ऑडिटोरियम बनने से खुले व सभागार में कम खर्च में बड़े सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम हो सकेंगे। ओपन एयर थिएटर में खुले आसमान के नीचे मंच व उसके सामने 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। मंच के साथ कलाकारों के मेकअप व अन्य कमरे होंगे। ओपन एयर थिएटर के पीछे ऑडिटोरियम होग। जहां इंडोर कार्यक्रमों के लिए मंच व सामने एक हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। साथ ही वीआईपी, कांफ्रेंस व अन्य कमरे होंगे। इंडोर कार्यक्रमों के लिए हॉल व सभी कमरे वातानुकूल होंगे। ओपन एयर थिएटर व ऑडिटोरियम में ग्रीनरी और सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे। ओपन एयर थिएटर के प्रवेश और पीछे के रास्ते पार्किंग बनाई जाएगी। जहां एक साथ 200 कार खड़ी हो सकेगी।

- ओपन एयर थिएटर एवं ऑडिटोरियम पर खर्च होंगे 52.87 करोड़ रुपये

### रिवर वाटर फ्रंट बनेगा

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा पश्चिमी यमुना नहर किनारे 12.87 करोड़ की लागत से रिवर वाटर फ्रंट बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट के तहत पश्चिमी यमुना नहर के किनारे ओपी जिंदल पार्क के पीछे से आजाद नगर, चिट्टा मंदिर से पटरी पर यह रिवर वाटर फ्रंट बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट के तहत लगभग 600 मिलीमीटर चौड़ा लैंडस्केप एरिया होगा। जिसमें 2000 मिमी चौड़ा फुटपाथ, निकासी के लिए नाली, 1050 मिमी ऊंची पत्थर की दीवार पर 1200 मिमी ऊंची बाड़ लगाने वाली जाली लगेगी। वहीं, 6.13 करोड़ की लागत से हमीदा हेड के पास बनेगा सुंदर पार्क बनाया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नए वर्ष 2026 में ट्विन सिटी के लोगों को करोड़ों रुपये की सौगातें दी जा रही हैं। जिससे ट्विन सिटी के लोगों के साथ साथ जिले के अन्य लाखों लोगों को लाभ मिल सकेगा।

### नया निगम भवन बनेगा

नए साल में नगर निगम यमुनानगर जगाधरी को संयुक्त भवन मिलने की भी उम्मीद है। दोनों शहरों यमुनानगर व जगाधरी के बीच उपायुक्त कैंप ऑफिस के सामने यह भवन बनाया जाएगा। नगर निगम द्वारा मार्केट कमेटी से लगभग 40.40 करोड़ की लागत से जमीन ली गई है। जहां मिट्टी से भरत कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा यह भवन गुड़गांव में बने निगम कार्यालय की तर्ज पर बनाने की योजना है। यह भवन चार मंजिला होगा। बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

### बरसाती पानी से नहीं होगा जलभराव

नए साल पर शहर की प्रोफेसर कॉलोनी समेत दर्जनों कॉलोनियों में बरसाती पानी के जलभराव से निजात मिलेगी। क्योंकि बरसाती पानी की निकासी के लिए कन्हैया साहिब चौक से डिच ड्रेन तक नगर निगम अमृत योजना के तहत डाली जा रही स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन का काम पूरा होने की संभावना है। रेलवे लाइन के नीचे स्टॉर्म वाटर पाइप डालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। करीब 11.84 करोड़ की लागत से डाली जा रही पाइप लाइन का काम अंतिम चरण में है। स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन का काम पूरा होने से शहर में बरसाती पानी की निकासी की समस्या दूर हो जाएगी।

### नियमित हुई कॉलोनियां होंगी विकसित

निगम की मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नए साल में नियमित हुई अवैध कॉलोनियां विकसित होंगी। निगम की ओर से इन कॉलोनियों में पक्की गलियां, अंडरग्राउंड नालियां व अन्य विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। निगम की ओर से नियमित हुई कॉलोनियों के विकास के लिए करोड़ों रुपये के टेंडर लगाए हुए हैं। इनके अलावा जिस भी कॉलोनी में कच्ची व क्षतिग्रस्त गलियां हैए। उन्हें पक्का किया जाएगा।

## नाले की टूटी स्लैप दे रही हादसों को न्योता, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

- स्थानीय लोगों का आरोप कई बार कर चुके है नगरपालिका में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर कस्बा रादौर के छोटाबांस में लखदाता पीर की मजार के सामने बने नाले की टूटी स्लैप। फोटो : हरिभूमि

छोटाबांस में एसके रोड पर लखदाता पीर के सामने बने नाले की स्लैप काफी समय से टूटी पड़ी है। टूटी स्लैप के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। छोटाबांस निवासी राजू, कुलबीर, राजेश, रोमी, राजेश कुमार आदि ने बताया कि वे इस बारे इसकी शिकायत कई बार नगरपालिका कार्यालय में कर चुके है। परंतु समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

इसी बात को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटाबांस में एसके रोड के साथ बने गंदे पानी के नाले की स्लैप टूटी होने के कारण काफी लोग हादसो का शिकार हो चुके है। उनकी मांग है कि टूटी स्लैप का जल्द से जल्द निर्माण करवाया जाये। इस बारे नपा के जेई कपिल कांबोज ने बताया कि नाले की टूटी स्लैप को जल्द ठीक करवा दिया जायेगा।

## जाट सभा आज मनाएगी महान योद्वा का बलिदान दिवस

**रादौर ।** जाट सभा रादौर की ओर से 1 जनवरी को वीर गोकुला जाट का 355 वां बलिदान दिवस मनाया जाएगा।कार्यक्रम में प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल मुख्य रूप से मौजूद होंगे। बंचल ने बताया कि सभी सदस्य वीर गोकुला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट करेगें।

इस मौके पर सामाजिक बुराइयों को खत्म करने को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। प्रधान ने कहा कि वीर गोकुला एक महान योद्धा थे। वह देश के महान वीरों में से एक थे। जिन्होंने अंतिम दम तक मुगलों के विरूद्ध लडाई लडी और वीरगति को प्राप्त हुए। हमें ऐसे महान योद्धा पर हमेशा गर्व रहेगा। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता व अखण्डता के लिए कार्य करना चाहिए।

## साहिबजादों की शहादत को इतिहास में सदैव रखा जाएगा याद : गौतम

- नेशनल पब्लिक स्कूल में चारों साहिबजादों की शहादत की याद में कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** नेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में चारों साहिबजादों को नमन करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल कैंप में चारों साहिबजादों की शहादत की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को चारों साहिबजादों की शहादत पर आधारित फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने बताया कि श्री गुरुगोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों की याद में स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को उनकी शहादत की फिल्म दिखाई गई। वहीं, विद्यार्थियों ने चारों साहिबजादों की याद में कविता पाठ व गायन करके उन्हें याद किया। प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने बताया कि साहिबजादों की शहादत पर आधारित फिल्म में दिखाया गया कि किस प्रकार श्री गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों को शहीद किया गया। बड़े साहिबजादों अजीत सिंह और जुझार सिंह मुगलों से युद्ध करते हुए शहीद हुए और उन्होंने मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की। वहीं, श्री गुरु गोबिंद सिंह के दोनों छोटे साहिबजादों जरोवर सिंह व फतेह सिंह को वजीर खान ने जिंदा दीवार में चुनवा दिया। दोनों साहिबजादे हंसते हंसते शहीद हो गए । मगर उन्होंने अपना धर्म नहीं छोड़ा। प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने विद्यार्थियों को समझाया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों व उनके परिवार के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चारों साहिबजादों की शहादत को सदैव याद रखा जाएगा। मौके पर स्कूल प्रबंधक आरएस पुंडीर ने कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए स्कूल की प्रधानाचार्या समेत स्टाफ सदस्यों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में अवश्य भाग लेना चाहिए।

## होद में मिला सरपंच की पत्नी का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर में पानी के होद में पड़ा मिला बलजिंदर कौर के शव के मामले में पुलिस ने एक सप्ताह बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने 24 दिसंबर को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी थी।

गांव श्यामपुर निवासी जसबीर सिंह ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 24 दिसंबर को रात नौ बजे उसकी पत्नी बलजिंदर कौर बाड़े में पशुओं को देखने के लिए गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी पत्नी का कुछ भी पता नहीं चला। जब वह अपनी पत्नी बलजिंदर कौर को खोजते हुए बाड़े में गए तो वहां पर उन्हें पानी के होद में बलजिंदर कौर का शव पड़ा देखा। उसकी पत्नी के सिर पर चोट के निशान थे। इसके साथ ही पास ही टूटी हुई चूड़ियां व अज्ञात व्यक्ति के पैरों के निशान भी मिले थे। उस समय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा उन्हें सौंप दिया था और मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने देर शाम मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## मानसून सीजन से पहले पूरे करवाए जाएंगे बाढ़ रोकथाम के कार्यः डीसी

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर ।** बाढ़ग्रस्त इलाका स्थित बरसाती नदियों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

जिले में यमुना नदी समेत अन्य बरसाती नदियों से बारिश के मौसम में आने वाली बाढ़ से रोकथाम के कार्य मानसून सीजन से पहले पूर्ण रुप से पूरे कर लिए जाएंगे।

उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ आज यमुना नदी, सोमनदी, पथराला नदी, चतंग नदी के किनारे गांव ताजेवाला, हथनीकुंड बैराज, बरौली माजरा, मलिकपुर बांगर, रुकाली, बसातियांवाला, राजपुराए लंडौरा व कान्हड़ी खुर्द आदि का निरीक्षण करने के दौरान दी। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सभी बाढ़ बचाव कार्य जल्द से जल्द मानसून सीजन से पहले पूर्ण करवा दिए जाएंगे। उन्होंने हथनीकुंड बैराज पर डायाफ्राम दीवार के निर्माण कार्य व डैम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि बरसात के मौसम में यमुना नदी, सोम नदी, पत्थराला नदी, चतंग नदी विकराल रूप धारण करती है और हम किसानों की खेतों की जमीन नदियों में समा जाती है। बरसात के दिनों में नदियों में अधिक मात्रा में पानी आने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त प्रीति को नदियों के किनारों को मजबूत करने के बारे में अनुरोध किया। उपायुक्त ने नदियों से हुए कटाव के संबंध में तटबंधों को मजबूत करने और आवश्यकता के अनुसार स्टड लगाए जाने के सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़की के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में युवक ने बहला फुसलाकर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ चार पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की की रुपेश कश्यप के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने उसकी लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। गत पांच जून को आरोपी ने उसकी लड़की को मिलने के लिए बुलाया। जब उसकी लड़की आरोपी पर विश्वास करके उससे मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे शहर के मॉडल टाउन स्थित एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसकी लड़की को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। व्यक्ति ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी युवक उसकी लड़की के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा मगर परेशान होकर उसकी लड़की ने उन्हें घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

धार्मिक आयोजन

### जिला सचिवालय में नशा मुक्ति को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक

## स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करें : प्रीति

- उपायुक्त प्रीति ने नशे की रोकथाम को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर ।** जिला सचिवालय में नशा मुक्ति को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्ति को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की।

उन्होंने अधिकारियों को जिले में नशा की रोकथाम के लिए विशेष कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नशा मुक्ति पर आपसी सामंजस्य के साथ आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स आदि नशे को जड़ मूल से खत्म करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर माह सभी नशा मुक्ति केन्द्रों का निरीक्षण करें। नशा रोकने को लेकर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व खेल विभाग समेत अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर गांव व शहर में जाकर लोगों को जागरूक करें और नशा करने वाले लोगों पर नजर बना कर रखें । ताकि उनमें सुधार लाया जा सकें। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला में कोई भी व्यक्ति नशे करने वाले व्यक्ति की जानकारी नशा मुक्ति कंट्रोल रूम व 112 पर दे सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को नशा छोड़ने के लिए अभियान चलाएं। इसमें तहसील और उप तहसील तक यह अभियान गांवों व शहरों में चलाएं। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर नशा न करें। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी मेडिकल स्टोरों में नशें की प्रतिबंधित दवाओं की जांच कर रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि जिन मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशे की दवा मिलती है उन मेडिकल स्टोर के संचालको पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी मेडिकल स्टोर नशे की दवाई न दें।

### विद्यार्थियों को भी जागरूक करें

उपायुक्त प्रीति ने सभी अधिकारियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करें। ताकि वह हर प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को बताया जाए कि नशा उनको तबाही की तरफ लेकर जाता है।

### अपनी जिम्मेदारी समझें

मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि स्कूल व कॉलेज के अध्यापक नशा मुक्ति के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करें। नशा मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। केवल सरकारी प्रयासों से ही नशे की समस्या को समाप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। इस अवसर पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, डीएसपी रजत गुलिया व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. विपिन गोंदवाल आदि मौजूद रहे।

## पतंजलि योग समिति 5 को मनाएगी 31वां स्थापना दिवस



यमुनानगर कस्बा रादौर में जानकारी देते पतंजलि योग समिति उपमंडल प्रभारी अमित कांबोज। फोटो : हरिभूमि

**रादौर ।** पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट शाखा रादौर के तत्वावधान में 5 जनवरी को पतंजलि योगपीठ का 31वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक व पतंजलि योग समिति उपमंडल प्रभारी अमित कांबोज ने बताया कि इस दौरान हवन यज्ञ कर सुख शांति की कामना की जाएगी। कांबोज ने बताया कि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने 5 जनवरी 1995 को हरिद्वार के कनखल में पतंजलि योगपीठ की स्थापना की थी। यह संस्था आज एक वट वृक्ष का रूप धारण कर चुकी है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार ने योग एवं आयुर्वेद की दुनिया में विशेष स्थान हासिल किया है। उसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं है। उन्होंने बताया कि यह संस्था योग, आयुर्वेद व स्वदेशी के अभियान को लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है। जिसका समाज को विशेष लाभ मिल रहा है।

